समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# UPSSSC 29 जून को आयोजित करेगा जूनियर असिस्टेटं भर्ती परीक्षा, जानिए जरूरी दिशानिर्देश और शहरों की पूरी लिस्ट।

Publisher

Published on 26 Jun 2025




## दो घंटे की इस परीक्षा मे निगेटिव मार्किंग का भी होगा प्रावधान, परीक्षा से कम से कम एक घंटा पहले पहुंचे केद्रं पर।

**लखनऊ, 26 जून 2024: उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC)** 29 जून 2024 (शनिवार) को **जूनियर असिस्टेटं, जूनियर क्लर्क और असिस्टेटं ग्रेड-III** के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन करेगा। यह परीक्षा राज्य के 21 जिलों में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर एक ही पाली में आयोजित की जाएगी।

**परीक्षा का समय और पैटर्न**

१. **परीक्षा समय :** सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
२. **प्रश्नों की कुल संख्या :** 100 (वस्तुनिष्ठ प्रकार)
३. **समय सीमा :** 120 मिनट (2 घंटे)
४. **नेगेटिव मार्किंग :** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की कटौती होगी

**इन शहरों मे होंगे परीक्षा केद्रं**
**परीक्षा निम्नलिखित 21 जिलों** में आयोजित की जाएगी:
लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, सहारनपुर, बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, वाराणसी, अंबेडकर नगर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, बुलंदशहर

**परीक्षा के दिन इन बातों का रखे खांस ध्यान**

१. **परीक्षा केद्रं पर कम से कम 1 घंटा पहले पहुंचे, यानी सुबह 9:00 बजे तक**।

२. **एडमिट कार्ड, एक वैध फोटो आईडी (आधार कार्ड/पैन कार्ड आदि) और अन्य जरूरी दस्तावेज साथ रखे**।

३. **किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर) लेकर परीक्षा केद्रं पर न जाएं**।

४. **नकल सामग्री या प्रतिबंधित वस्तुओं को परीक्षा केद्रं मे ले जाने पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है**।

**चयन प्रक्रिया**

यह परीक्षा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण है। इसके बाद **टाइपिंग टेस्ट, डॉक्यूमेटं वेरिफिकेशन** और **मेडिकल टेस्ट** जैसी प्रक्रियाएं होंगी। सभी चरणों में सफल अभ्यर्थियों की **फाइनल मेरिट लिस्ट** जारी की जाएगी।

**एडमिट कार्ड कहां से डाउनलोड करे?**

उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर जाकर **एडमिट कार्ड डाउनलोड** कर सकते हैं। लॉग इन करने के लिए **पंजीकरण संख्या, जन्मतिथि** और **जेडंर की आवश्यकता** होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.